# जल संदेश

गृह पत्रिका
वर्ष : 1, अंक : 4
माह : जुलाई 2022

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लि. (उपक्रम मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग)



इंटेक वेल, बरही



मलजल शोधन संयंत्र, बुधनी

# संपादकीय

मानसून की आमद हो चुकी है, बारिश की बूंदें संतुष्टता का प्रतीक होती हैं। जल की आपूर्ति के लिए वर्षा ऋतु वरदान है। बरसात की बूंदें मनुष्य को अपने दायित्व का बोध करवाते हुए मानव और पर्यावरण के बीच सेतु का कार्य करती हैं। बारिश में पौधरोपण के साथ भू-जल संरक्षण का कार्य जागरूक इंसान की पहचान है। विकास के साथ प्रकृति के प्रति प्रेम भी आवश्यक है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा इसी को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त निर्माणाधीन परियोजनाओं में वृक्षारोपण किया जायेगा।

प्रदेश के विकास में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी समर्पण से सक्रिय है। इसी क्रम में एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से मऊगंज, बनखेडी, बैतूल बाजार, फूंप कलां, सुसनेर, शाढौरा और भेड़ाघाट जल प्रदाय परियोजना एवं विश्व बैंक की सहायता से निर्मित धरमपुरी सीवरेज परियोजना का कार्य उपयोगिता अनुसार पूर्ण कर लिया गया है। इन परियोजनाओं का लोकार्पण विगत मई माह में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अपने कर कमलों से किया गया । प्रसन्नता का विषय है कि इसी दिन दतिया, चंदिया, सीधी, पन्ना और सिंगरौली में मिनी स्मार्ट सिटी अन्तर्गत अधोसंरचना विकास एवं विद्युतीकरण कार्य भी माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित किया गया। एमपीयूडीसी निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है, आप सब के सहयोग और विश्वास से कम्पनी अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

आपके बहुमूल्य सुझावों और प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा रहेगी....

**चंद्रमोहन मिश्र**

उप परियोजना संचालक (प्रशासन)






मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से चंबल इकाई अन्तर्गत श्योपुर और बड़ौदा जल प्रदाय परियोजना के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्योपुर और बड़ौदा में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जल प्रदाय परियोजना का कार्य किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री द्वारा मिशन नगरोदय के अन्तर्गत 17 मई को 21 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि का हितलाभ वितरण व विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण











मुख्यमंत्री श्री शिवराज द्वारा मिशन नगरोदय के अन्तर्गत 17 मई को 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हितलाभ वितरण व विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से निर्मित मऊगंज, बनखेड़ी, बैतूल बाजार, फूंपकलां, सूसनेर, शाढौरा और भेड़ाघाट जल प्रदाय परियोजना का लोकार्पण भी किया गया वहीं एडीबी की सहायता से ही निर्मित की जाने वाली बांदरी और मालथौन जल प्रदाय परियोजना के कार्यों का भूमि पूजन किया गया। मिशन नगरोदय कार्यक्रम के तहत ही विश्व बैंक सहायतित धरमपुरी सीवरेज परियोजना एवं दतिया, चंदिया, सीधी, पन्ना और सिंगरौली मिनी स्मार्ट सिटी के विकास कार्यों का लोकार्पण भी हुआ।

भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केन्द्रीय मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, मंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग श्री भूपेन्द्र सिंह, सांसद खजुराहो श्री बी.डी. शर्मा, सांसद भोपाल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा व श्रीमती कृष्णा गौर, विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह, आयुक्त श्री निकुंज श्रीवास्तव, अपर आयुक्त श्रीमती रूचिका चौहान, श्री सत्येन्द्र सिंह, श्री गौरव बैनल, श्री नागेश भी मौजूद रहे। निकाय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और परियोजना क्रियान्वयन इकाई के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीबी के कार्यपालक निदेशक ने लिया परियोजनाओं का जायजा





एशियन डेवलपमेंट बैंक के कार्यपालक निदेशक और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री समीर कुमार खरे ने मई माह में पेटलावद, मेघनगर, कसरावद, बुरहानपुर, शाहपुर, नेपानगर, कालापीपल और कुरावर जल प्रदाय परियोजनाओं एवं बड़वाह, सनावद और महेश्वर सीवरेज परियोजनाओं का निरीक्षण किया। कार्यपालक निदेशक द्वारा जून माह के अंत में एडीबी सहायतित बोड़ा, पचोर, राघौगढ़, शढ़ौरा, बदरवास, करैरा, पिछोर, ईसागढ़ और सांची जल प्रदाय का जायजा लिया गया।

श्री खरे ने परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। कार्यपालक निदेशक ने परियोजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशंसा की एवं आवश्यक निर्देश भी दिए। श्री खरे के साथ संबंधित इकाइयों के परियोजना प्रबंधक, उप परियोजना प्रबंधक सहित परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म और संविदाकार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के प्रतिनिधि मंडल ने की प्रमुख सचिव से भेंट

जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के प्रतिनिधि मंडल ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में श्री ल्यूकास मेस, तकनीकी विशेषज्ञ रेनर क्रूस, सामाजिक विशेषज्ञ श्री खुमुजम खाबिलोंगत्शुप, वित्तीय विशेषज्ञ सुश्री जुलियाना और राहुल मनकोटिया शामिल रहे। प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह ने दल को आश्वस्त किया की केएफडब्ल्यू सहायतित समस्त परियोजनाओं को समय पर पूरा कर लिया जायेगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक सह आयुक्त श्री निकुंज श्रीवास्तव, अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्रीमती रुचिका चौहान, प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत, उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री पी.सी. जैन, तकनीकी अधिकारी श्री कमलेश भटनागर, परियोजना प्रबंधक श्री राजेन्द्र सोलंकी, सहायक परियोजना अधिकारी श्री संजय पाण्डेय और परियोजना प्रबंधक सलाहकार फर्म जी टैक के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि केएफडब्ल्यू द्वारा मंडला, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सेंधवा और बड़वानी में सीवरेज परियोजना पर काम चल रहा है। केएफडब्ल्यू बैंक का प्रतिनिधि मंडल मई माह में दौरे पर था। दल द्वारा सभी परियोजनाओं के एसटीपी, सीवरेज नेटवर्क सहित समस्त घटकों का बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा परियोजना से जुड़े विभिन्न पक्षों पर विस्तार से समीक्षा भी की गई।





# विश्व बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने की प्रमुख सचिव से भेंट





विश्व बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह से भेंट की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने प्रतिनिधि मंडल से चर्चा करते हुए कहा कि विश्व बैंक सहायतित समस्त परियोजनाओं को समय पर पूरा कर लिया जायेगा। परियोजनाओं में सेफगार्ड से जुड़े मानकों का पूर्णता पालन करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री निकुंज श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व बैंक सहायतित शहडोल सीवरेज परियोजना का निर्माण दिसम्बर 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। विश्व बैंक के टास्क टीम लीडर श्री रघुकेशवन ने परियोजनाओं के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि धरमपुरी में सभी घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री केशवन ने परियोजनाओं के सॉफ्टपार्ट की सराहना भी की। उन्होंने निकायों में रिफॉर्म सपोर्ट कन्सल्टेंट के योगदान को भी बेहतर बताया।

विश्व बैंक के प्रतिनिधि मंडल में रिधीमन साहा व डी.एम. मोहन भी शामिल रहे। चर्चा में अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्रीमती रुचिका चौहान, प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत, उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री पी.सी. जैन, तकनीकी अधिकारी श्री कमलेश भटनागर सहित, सहायक परियोजना अधिकारी श्री संजय पाण्डेय व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। वहीं विश्व बैंक के अन्य विशेषज्ञ स्टेफेनिया अबकेरलि, आनंदो कुमार, नेहा गुप्ता, संगीता पटेल, अविनाश कांत, अमीत आनंद, एस.के. जैन और मारिया पिन्टो वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में विश्व बैंक का प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश दौरे पर था। मध्यप्रदेश में विश्व बैंक की सहायता से मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा 7 निकायों में सीवरेज परियोजना एवं 3 निकायों में जल प्रदाय परियोजना पर काम किया जा रहा है।






नगरीय विकास एवं आवास विभाग के मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा पौध रोपित कर शुभकामनाएं दी गईं। अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा मेहगांव में पौधरोपण किया गया तो वहीं कम्पनी मुख्यालय में प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत और उप परियोजना संचालक प्रशासन श्री चन्द्र मोहन मिश्र के नेतृत्व में समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने नीम, आंवला सहित छायादार और फलदार पौधे रोपित किए, वहीं इकाई स्तर पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शुभचिंतकों से आह्वान किया था कि उनके जन्मदिन 20 मई को एक-एक पौधा लगाकर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के पौधरोपण संकल्प में अपना योगदान दें।



# आंतकवाद विरोधी दिवस पर शपथ

कम्पनी मुख्यालय में 20 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत ने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर उप परियोजना संचालक प्रशासन श्री चन्द्रमोहन मिश्र, कार्यालय प्रबंधक श्री मुनीश्वर चतुर्वेदी, श्री राकेश सोनी, श्री राकेश शाण्डिल्य, श्री गिरीश नायर, श्री दिनेश शर्मा, श्री रवि श्रीवास्तव, श्रीमती सूसन नायर, श्री शाहरुख खान, श्री अभिषेक द्विवेदी, श्री सत्यप्रकाश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# जैव विविधता संरक्षण दिवस के अवसर पर जल संरक्षण का संदेश देने साइकिल राइड का आयोजन





मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जैव विविधता संरक्षण दिवस के अवसर पर जल संरक्षण का संदेश देने के लिए साइकिल राइड का आयोजन किया गया। साइकिल राइड में ग्रीन प्लानेट बाइसिकल राइडर्स एसोसिएशन के 80 सदस्य शामिल हुए। राइड का शुभारंभ एमपी नगर स्थित अमरकंटक भवन से हुआ। 8 किलोमीटर की इस राइड को कम्पनी के उप परियोजना संचालक प्रशासन श्री चन्द्रमोहन मिश्र, तकनीकी अधिकारी श्री कमलेश भटनागर और जीपीबीआरए के सह संस्थापक श्री एस.एन. सिंह ने फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। राइड के उपरांत साइकिलिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का स्मृति चिन्ह व मैडल देकर सम्मान किया गया। इनमें सर्व श्री एस.एन. सिंह, श्री महेन्द्र गोगिया, श्रीमती पूजा जोशी, श्री दिलीप सिंह, श्रीमती विधी भोंडे, श्री ओ.पी. कटहल, श्री विशाल सिंह सम्मिलित हैं, वहीं एवरेस्ट की चोटी पर चढ़कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाले पर्वतारोही श्री भगवान सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप परियोजना संचालक प्रशासन श्री चन्द्र मोहन मिश्र ने सभी राइडर के हौसले की तारीफ करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री एस.एन. सिंह ने जीपीबीआरए की ओर से एमपीयूडीसी का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समन्वय श्री संकल्प भटनागर ने किया।

# जल प्रदाय परियोजनाओं के संचालन और संधारण पर कार्यशाला का आयोजन





भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की नर्मदापुरम इकाई द्वारा जल प्रदाय परियोजना के संचालन और संधारण पर होटल नर्मदे रिवर व्यू में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कम्पनी द्वारा एशियन डेवपलमेंट बैंक के सहयोग से नर्मदापुरम संभाग अन्तर्गत सोहागपुर, बनखेड़ी, आमला, बैतूल बाजार और सारणी में जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला में एशियन डेवपलमेंट बैंक की सामुदायिक विशेषज्ञ डॉ. मनीषा तैलंग ने परियोजना के संचालन और संधारण में समुदाय से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला। परियोजना अधिकारी श्री पी.एल. बारंगे और एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रोक्योरमेंट अधिकारी श्री करण वीर ने जल प्रदाय परियोजना के संचालन में तकनीकी पक्षों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला को इकाई के परियोजना प्रबंधक श्री ऋषभ चौधरी और उप परियोजना प्रबंधक श्री राघवेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का समन्वय सोशल जेण्डर अधिकारी श्री राकेश शाण्डिल्य और सामुदायिक विकास अधिकारी श्री गिरीश नायर ने किया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना प्रबंधक राहिल गुप्ता, इकाई के प्रभारी सीडीओ शिवेन्द्र मिश्रा, प्रियंक सूर्यवंशी, लेखाधिकारी श्री दिनेश राठौर, इंजीनियर श्री संदीप कुमार, श्री संतोष कुमार अहिरवार, श्री अर्जुन सिंह मांझी सहित प्रतिभागी के तौर पर निकायों में कार्यरत प्रेरक, उपयंत्री और फील्ड इंजीनियर उपस्थित थे।

## एमपीयूडीसी में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा विश्व बैंक सहायतित परियोजनाओं के अनुश्रवण और मूल्यांकन के लिए कल्पतरु ग्रामोद्योग समिति का चयन किया गया है। संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा कार्ययोजना की बिन्दुवार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री पी.सी. जैन ने कहा कि मॉनिटरिंग कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इसके लिए प्रपत्रों के निर्माण प्रभावी तरीके से किए जाने चाहिए। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में तकनीकी अधिकारी श्री कमलेश भटनागर, पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. राजेश प्रजापति, परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के टीम लीडर श्री तनय कुमार दास ने भी अपने सुझाव रखे। कल्पतरु के टीम लीडर अशफाक अहमद ने कार्ययोजना से अवगत कराया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. परशुराम तिवारी एवं कैलाश बांगरे ने किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से 7 निकायों में सीवरेज और 3 निकायों में जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगतिरत है। हितग्राहियों पर परियोजना से होने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव के आकलन के लिए संस्था कल्पतरु को तैनात किया गया है।




## सितम्बर 2022 तक लक्षित परियोजनाएं

एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से प्रगतिरत बोडा, आमला, मिहोना, पाटन, मझौली, भावरा, मेघनगर, कुरावर, पिछोर, आलमपुर, दबोह, मेहगांव, कंटगी, पनागर, सीहोरा, तेंदूखेड़ा, माडंव एवं विश्व बैंक के सहयोग से बुरहानपुर और खरगौन जल प्रदाय परियोजना को सितम्बर 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सम्पर्क पता -

**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड**

अमरकंटक भवन, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल, दूरभाष - 0755-2763060

वेबसाइट - www.mpudc.co.in, ई-मेल - mpusipbpl@gmail.com

MPUDC Bhopal    MPUDC Bhopal @MpudcB